मिशेल मार्श की बेटी की तबियत खराब है, जिस कारण वह उनका ध्यान रख रहे हैं और आज नहीं खेल रहे हैं। संभवत: मार्श की बेटी अभी भारत में ही हैं।
– ऋषभ पंत

लखनऊ कप्तान, मिशेल मार्श के मैच नहीं खेलने के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

शुभमन गिल

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने शनिवार को आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 38 गेंदों में 60 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 6 चौके और एक सिक्स भी निकला। उन्होंने 31 गेंदों में पचास रन पूरे कर लिए थे। ये स्टार बल्लेबाज गिल के आईपीएल करियर का 22वां फिफ्टी है। उन्होंने 31 गेंदों में पचास रन पूरे कर लिए थे। ये स्टार बल्लेबाज गिल के आईपीएल करियर का 22वां अर्धशतक है। उन्होंने डबल धमाल मचाया है।

क्या आप जानते हैं ?... छेत्री को 2007, 2011, 2013, 2014, 2017, 2018-19 और 2021-22 में रिकॉर्ड सात बार एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर भी चुना गया है।

गहन चिंतन की जरूरत, गलती सुधारनी होगी : धोनी

चेन्नई, 12 अप्रैल। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एकतरफा मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मिली हार के बाद कहा कि टीम को गहन चिंतन की जरूरत है और खिलाड़ियों को गलती देखकर सुधारनी होगी। मैच के बाद धोनी ने कहा, " बस आज ही नहीं इस सत्र में कई बार चीजें हमारे पक्ष में नहीं गई हैं। हमें देखना होगा कि हम कहां गलती कर रहे हैं और उन्हें सुधारना होगा। हमें गहन चिंतन की ज़रूरत है। " उन्होंने कहा, "स्थिति चुनौतीपूर्ण थी लेकिन हमें उससे निपटना चाहिए था। स्कोरबोर्ड पर पर्याप्त रन नहीं थे। गेंद रुक कर आ रही थी और वैसे स्पिन आक्रमण के सामने यह मुश्किल होता है। आप विकेट गंवा देते हैं तो मैच में वापस आना मुश्किल होता है। " धोनी ने कहा, " हमारे पास बेहतरीन सलामी बल्लेबाज हैं। पर जरूरी है कि स्कोरबोर्ड को देखकर हम अपने ऊपर दबाव नहीं लें। " सीएसके की यह लगातार पांचवीं हार थी। चेपॉक में अब तक के अपने न्यूनतम स्कोर पर सिमटने के बाद पहली बार उसे अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीसरी हार मिली।

साई सुदर्शन ने ऑरेंज कैप पर किया कब्जा, पूरन सहित कई दिग्गजों को पछाड़ा

लखनऊ, 12 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का क्रेज जारी है। 18वें सीजन में अब तक 25 मैच खेले जा चुके हैं। वहीं 26वां मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जा रहा है। इस दौरान पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। इस दौरान जीटी के लिए शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जहां सुदर्शन ने 37 गेंदों में 56 रन की पारी खेली तो कप्तान शुभमन गिल ने 38 गेंदों में 60 रन बनाए। इसके साथ ही साई सुदर्शन ने अपनी पारी के दम पर ऑरेंज कैप पर कब्जा जमा लिया है। युवा सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ ही शनिवार के मुकाबले में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अब तक 300 का स्कोर पार कर लिया और पूरन से आगे निकल गए। इससे पहले टॉप पर लखनऊ के पूरन थे। लेकिन पूरन ज्यादा देर तक नंबर वन पर नहीं रह पाए। पूरन 288 रन के साथ दूसरे नंबर पर आ गए और तीसरे नंबर 265 रनों के साथ लखनऊ के ही मिशेल मार्श हैं। इस सूची में चौथे नंबर पर केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे और पांचवें नंबर पर गुजरात टाइटंस के जोस बटलर हैं।

जांघ में चोट के कारण फिलिप्स आईपीएल 2025 से हुए बाहर

हैदराबाद, 12 अप्रैल। गुजरात टाइटन्स (जीटी) के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स छह अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ मैच के दौरान जांध में गंभीर चोट लगने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। आईपीएल बयान के अनुसार फिलिप्स उपचार के लिए न्यूजीलैंड लौट गए हैं। जीटी जो वर्तमान में पांच मैचों में से चार जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, ने अभी तक फिलिप्स के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा नहीं की है। फिलिप्स को सनराइजर्स हैदराबाद पारी के पांचवें ओवर के बाद एक स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक के रूप में थ्रो करने के प्रयास में उन्हें चोट लगी और गेंद छोड़ने के तुरंत बाद उन्हें अपनी जांध पकड़ते हुए देखा गया। कुछ क्षण बाद वे टीम के सहायक कर्मचारियों की सहायता से लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे।

अर्जुन फ्री स्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में नेपोमनियाचची से हारे

नई दिल्ली, 12 अप्रैल। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी को यहां चल रहे फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में पांचवें से नौवे स्थान के टाईब्रेक के शुरुआती गेम में इयान नेपोमनियाचची ने हरा दिया। जर्मनी के युवा ग्रैंडमास्टर विन्सेंट कीमर ने पहले दौर के टाईब्रेकर में नेपोमनियाचची को हराकर सराहनीय प्रदर्शन किया। इस साल की शुरुआत में जर्मनी में आयोजित पहले ग्रैंड स्लैम के विजेता कीमर ने अमेरिकी स्टार हिकारू नाकामुरा को काले मोहरों से ड्रॉ पर रोककर प्रभावित करना जारी रखा। भारत की उम्मीदें क्वार्टर फाइनल में खत्म हो गईं थीं। लेकिन अर्जुन ने नेपोमनियाचची के खिलाफ कुछ अच्छी चाल चलीं। लेकिन रूस का खिलाड़ी काफी संयमित होकर खेला। मैग्नस कार्लसन को अमेरिकी फैबियानो कारुआना ने ड्रॉ पर रोका जबकि नाकामुरा ने कीमर के साथ अंक बांटे।

राजस्थान अंडर-14 प्रशिक्षण शिविर आगामी 13 से 16 तक

जयपुर, 12 अप्रैल। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीपबिहाणी के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 14 चैलेंजर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन आरसीए जूनियर चयन कमेटी ने आगामी 13 से 16 अप्रैल 2025 को जयपुर में आयोजित होने वाले अंडर 14 प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगा।

राजस्थान रॉयल और आरसीबी के बीच मैच आज : जयपुर में गूंजेगा 'हल्ला बोल'

आईपीएल 2025 के 18वें सीजन का 28वां मुकाबला जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में रविवार 13 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। इस स्टेडियम में ये इस सीजन का पहला मैच है, जिसमें मेजबान राजस्थान रॉयल्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। राजस्थान रॉयल्स की अगुवाई जहां संजू सैमसन करेंगे तो वहीं, आरसीबी की कमान रजत पाटीदार के हाथ में होगी। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें अब तक दोनों का सामना कुल 31 बार हुआ है। इसमें से राजस्थान रॉयल्स ने 14 मैचों में जीत दर्ज की है तो वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 15 मुकाबले अपने नाम किए हैं। जबकि दो मैच बेनतीजा रहे हैं। इस तरह आरसीबी सिर्फ एक मैच ही ज्यादा जीती है। इसका मतलब है कि दोनों के बीच इस बार भी कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है।

टूर्नामेंट में अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे : संजू

जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच का काउंट डाउन शुरू हो गया है। संडे को राजस्थान रॉयल्स अपने होम ग्राउंड पर पहला मैच रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के खिलाफ खेलेगी। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के कैप्टन संजू सैमसन और रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के कैप्टन रजत पाटीदार ने टीम और आईपीएल से जुड़े अनुभव और भविष्य की तैयारियों को साझा किया। वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग इलेवन में कब शामिल किया जाएगा। इस सवाल पर जवाब देते हुए संजू सैमसन ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स के सभी खिलाड़ियों को प्लेइंग इलेवन में खिलाने के लिए ही टीम में सिलेक्ट किया गया है। जब भी टीम कॉम्बिनेशन के हिसाब से उन्हें प्लेइंग 11 में शामिल करने का मौका होगा, वह जरूर खेलेंगे। फिलहाल सभी खिलाड़ी जमकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। फिलहाल टीम का कॉम्बिनेशन इस तरह बैठा हुआ है कि जो लोग खेल रहे हैं, वही खेल रहे हैं। लेकिन धीरे-धीरे थोड़ा चेंज आएगा। संजू ने कहा कि जयपुर हमारा होम ग्राउंड है। हमें यहां ग्राउंड से लेकर विकेट तक की जानकारी है। यहां की हमारी हिस्ट्री भी काफी पॉजिटिव रही है। टूर्नामेंट के शुरुआत में हमारी टीम जरूर मैच हारी है। लेकिन हम फिर से इस टूर्नामेंट में अपनी पकड़ को मजबूत करने की कोशिश में जुटे हैं। जिसके लिए यह मैच जीतना बेहद जरूरी है। रियान पराग को टीम की कैप्टेन्सी देने के सवाल पर संजू सैमसन ने कहा कि उनमें कैप्टेन्सी की क्षमता थी। इसलिए मैंने उन्हें टीम की कमान सौंपी थी। मुझे लगता है। उन्होंने बहुत अच्छे से अपनी जिम्मेदारी को निभाया टीम में जितने भी युवा खिलाड़ी थे। उन्होंने सभी के साथ अच्छे से व्यवहार किया, अच्छे से टीम मीटिंग की और ग्राउंड में भी काफी अच्छे फैसले लिए थे। संजू सैमसन ने कहा कि हमने पिछले मैच में चार फास्ट बॉलर प्लेइंग 11 में खिलाए थे। जिसकी वजह से मैच खत्म होने में कुछ ज्यादा वक्त लग गया था। क्योंकि उन लोगों ने कुछ एक्स्ट्रा भी डाले थे। लगभग एक ओवर ही एक्स्ट्रा डालना पड़ गया था। इस मैच में कोशिश करेंगे कि जितना जल्दी से जल्दी ओवर डाल सके और मैच खत्म कर सकें।

विराट की सलाह कारगर साबित होती है : रजत पाटीदार

रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के कैप्टन रजत पाटीदार ने कहा कि विराट कोहली ने इंडियन टीम के साथ ही रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु की टीम को भी लीड किया है। मैदान में उनकी एडवाइस काफी कारगर साबित होती है। मैच के दौरान न सिर्फ मुझे उनसे सीखने को मिलता है। बल्कि, उनके एक्सपीरियंस और आइडिया से टीम को भी काफी हेल्प मिलती है। रजत ने विराट कोहली द्वारा कैप्टन को ओवरटेक करने के सवाल पर कहा कि ऐसा मुझे नहीं लगता है। टीम में जो भी फैसले होते हैं। वह एक दूसरे से बात करने के बाद ही होते हैं। ओवरटेक करने के सवाल पर कहा कि ऐसा मुझे नहीं लगता है। टीम में जो भी फैसले होते हैं। वह एक दूसरे से बात करने के बाद ही होते हैं। रजत ने कहा कि जब भी मैं फील्डिंग कर रहा होता हूं। तब मुझे कैप्टेन्सी की जिम्मेदारी निभानी होती है। लेकिन जैसे ही मैं बैटिंग करने जाता हूं। तो कप्तान के प्रेशर को भूल जाता हूं। मैं सिर्फ बतौर बैट्समैन ही मैदान में अपनी टीम को जिताने की कोशिश करता हूं। क्योंकि मेरी स्ट्रेंथ बैटिंग ही है। इसलिए मैं उस वक्त सबसे ज्यादा फोकस उसी पर करता हूं। रजत ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान काफी नए रूल शामिल किए गए हैं। जो टूर्नामेंट को काफी एक्साइटिंग बना रहे हैं। इसे फैंस को भी काफी मजा आ रहा है। ज्यादा रन बनने लगे हैं। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर आप टीम में एक बड़ा बदलाव कर सकते हैं। जो काफी अच्छा रूल है।

सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराया

हैदराबाद, 12 अप्रैल। अभिषेक शर्मा (141)की रिकार्ड शतकीय और ट्रेविस हेड (66) की तूफानी पारियों दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 27वें मुकाबले में नौ गेंदे शेष रहते पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हरा दिया। अभिषेक ने 40 गेंदों में आईपीएल में अपना पहला तूफानी शतक पूरा किया।

246 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की सलामी जोड़ी ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट लिए रिकार्ड 171 रनों की साझेदारी की। 13वें ओवर में यजुवेंद्र चहल ने ट्रेविस हेड को मैक्सवेल के हाथों कैच आउट कराकर पंजाब को पहली सफलता दिलाई।

17वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने अभिषेक शर्मा को आउटकर पंजाब को दूसरी बड़ी सफलता दिलाई। हालांकि तब तक अभिषेक अपना काम कर चुके थे। अभिषेक शर्मा ने 55 गेंदों में 14 चौके और 10 छक्के लगाते हुए (141) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद ने 18.3 ओवर में दो विकेट पर 247 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। हाइनरिक क्लासन (नाबाद 21) और इशान किशन ने (नाबाद नौ) रन बनाये। पंजाब किंग्स के लिए अर्शदीप सिंह और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पंजाब की प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े। चौथे ओवर में हर्षल पटेल ने प्रियांश आर्य को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। प्रियांश आर्य ने 13 गेंदों मे दो चौके और चार छक्के लगाते हुए (36) रन बनाये। इसके बाद सातवें ओवर में इशान मलिंगा ने प्रभसिमरन सिंह को आउटकर हैदराबाद को दूसरी सफलता दिलाई।

प्रभसिमरन सिंह ने 23 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (42) रन बनाये। नेहाल वढेरा (27) को भी मलिंगा ने आउट किया। शशांक सिंह (दो) और ग्लेन मैक्सवेल (तीन) हर्षल का शिकार बने। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 36 गेंदों में छह चौके और छह छक्के लगाते हुए (82) रनों की तूफानी पारी खेली। उन्हें 18वें ओवर में हर्षल ने आउट किया। पंजाब किंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 245 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। मार्कस स्टॉयनिस ने 11 गेंदों में चार छक्के और एक चौका लगाते हुए (नाबाद 34) रन बनाये। मार्को यानसन (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से हर्षल पटेल ने चार विकेट लिये।

अंडर-19 नंद सिंह मेमोरियल क्रिकेट लीग 20 से

जयपुर, 12 अप्रैल। चंबल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित 17वी राज्य स्तरीय नंद सिंह मेमोरियल क्रिकेट लीग का आयोजन 20-04-2025 से संस्कार ग्राउंड पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता में गत वर्ष की विजेता जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी, उपविजेता नारायण क्रिकेट एकेडमी , संस्कार एकेडमी, राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी, जयपुरिया विद्यालय, जयपुर कोल्टस , आर्यन स्पोर्ट्स , राजस्थान यूथ, बगड़ क्रिकेट एकेडमी, सुराणा क्रिकेट एकेडमी,भदौरिया क्रिकेट , एकेडमी लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी एवं सिग्नेचर क्रिकेट एकेडमी सहित 10 टीम भाग ले रही है । प्रतियोगिता के सभी मैच 50-50 ओवर के खेले जाएंगे। तथा प्रत्येक टीम को 4 मैच खेलने को मिलेंगे। विजेता टीम को रुपए 21000 नगद राशि व रनिंग ट्रॉफी तथा उपविजेता को 11000 नगद राशि पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता फीस जमा करने की अंतिम तिथि 17-04-2025 है।

रीयल जयपुर फुटबाल क्लब ने राजस्थान राइजिंग फुटबाल क्लब को 3-0 से हराया

जयपुर, 12 अप्रैल। ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ग्राउंड गाड़ोता और रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड में मैच खेले गए राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव श्री दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज के दिन 3 मैच खेले गए जिसमें सभी टीमों ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया। सभी 110 मैचों को होम अवे के सिद्धांत से खेले जाएंगे। अभी तक 16 मैच खेले जा चुके है। आज रॉयल फुटबाल क्लब के मैदान में दो मैच खेले गए और एक मैच ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब में खेला गया

प्रथम मैच : रॉयल फुटबॉल क्लब और जिंक फुटबाल अकादमी उदयपुर के बीच खेला गए रोमांच भरे मैच में दोनों ही टीमों ने आक्रामक खेल खेला पहला हॉफ में दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर रही दूसरे हॉफ में रॉयल टीम ने 2-1 से बढ़त बनाई मैच के आखिरी मिनट में जिंक ने गोल करके मैच को 2-2 से बराबरी पर ला दिया ।

मैच राजस्थान राइजिंग फुटबाल क्लब और रीयल जयपुर फुटबाल क्लब के बीच खेला गया रीयल जयपुर क्लब ने मैच 3-0 से जीता।

आज ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ग्राउंड गाड़ोता के मैदान में खेले गए मैच

तीसरा मैच : में ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब और ए एस ल फुटबाल क्लब के बीच खेले गए मैच में ब्रदर्स यूनाइटेड ने मैच में 3-0 से जीता। आगामी फुटबाल लीग के मैच 14 अप्रैल को खेले जाएंगे।

मनीष होंगे आईपीएल 2025 के जयपुर वेन्यू मीडिया मैनेजर

जयपुर, 12 अप्रैल। जयपुर में देश विदेश के सबसे लोकप्रिय व प्रतिष्ठित आईपीएल लीग के जयपुर में बीसीसीआई, राजस्थान सरकार, क्रीड़ा परिषद् व राजस्थान रॉयल्स की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाले राजस्थान रॉयल्स के होम ग्राउंड मैचों के लिए राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद ने मनीष शर्मा को वेन्यू मीडिया मैनेजर नियुक्त किया है। आईपीएल 2025 के जयपुर में आयोजित होने वाले मैचों के समस्त मीडिया कार्यों व व्यवस्थाओं को वेन्यू मीडिया मैनेजर मनीष शर्मा क्रीड़ा परिषद के जनसम्पर्क अधिकारी तेजराज सिंह व कलीम खान , सहायक प्रशासनिक अधिकारी, क्रीड़ा परिषद के सहयोग से सम्पादित करेंगे।

गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराकर लखनऊ सुपर जायंट्स ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की

लखनऊ, 12 अप्रैल, निकोलस पूरन (61) और एडन मारक्रम (58) की शानदार पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 26वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को तीन गेंदे शेष रहते विकेट छह से हरा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की छह मैचों में यह लगातार तीसरी जीत है। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एडन मारक्रम और कप्तान ऋषभ पंत की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े।

सातवें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने ऋषभ पंत (21) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी निकोलस पूरन ने मोर्चा संभाला। मारक्रम और पूरन की जोड़ी ने दूसरे विकेट लिये 58 रन जोड़े। 12वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने मारक्रम को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। मारक्रम ने 31 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (58) रन बनाये। 16वें ओवर राशिद खान ने निकोलस पूरन को आउट किया।

पूरन ने 34 गेंदों में एक चौका और सात छक्कों की तूफानी पारी खेलते हुए (61) रन बनाये। चौथे विकेट के रूप में डेविड मिलर (सात) को वॉशिंगटन सुदंर ने बोल्ड आउट किया।

लखनऊ सुपर जायंट्स ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 186 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। आयुष बडोनी 20 गेंदों में 28 रन बनाकर नाबाद रहे। अब्दुल समद (दो) रन बनाकर नाबाद रहे। गुजराज टाइटंस के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट लिये। राशिद खान और वॉशिंगटन सुंदर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

जयपुर की ओजस्विनी सारस्वत ने छठा राष्ट्रीय खिताब जीता

जयपुर, 12 अप्रैल। जयपुर की युवा गोल्फ प्रतिभा, ओजस्विनी सारस्वत ने नए सीजन की शानदार शुरुआत करते हुए अहमदाबाद के केन्सविले गोल्फ कोर्स में अपना छठा राष्ट्रीय खिताब हासिल किया है। उन्होंने पहले दिन से ही अपनी बढ़त बनाए रखी और अपने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए आरामदायक अंतर से जीत हासिल की। गौरतलब है कि ओजस्विनी जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब की सदस्य हैं, जहां वह नियमित रूप से अपने कौशल को निखारने के लिए अभ्यास करती हैं।

दीपक की घातक गेंदबाजी से स्टार क्रिकेट एकेडमी की एकतरफा जीत

जयपुर, 12 अप्रैल। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज डा. सोनी क्रिकेट स्टेडियम पर खेले गये पूल डी के मैच में दीपक खरतला 20 रन पर 6 विकेट की घातक गेंदबाजी तथा वरूण गुप्ता 59 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत स्टार क्रिकेट एकेडमी ने कियान क्रिकेट एकेडमी को 129 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर स्टार एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये वरूण गुप्ता 59 रन, ऋत्विक चावला 38 रन, विजय 32 रन, ऋतिक सारण 36 रन, अमन सिंह 16 रन नाबाद की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 210 रन बनाये। गेंदबाजी में कियान एकेडमी की ओर से अक्षय पुरोहित 53 रन पर 2 विकेट, ऋषभ फौजदार 24 रन पर 2 विकेट, लवित गुप्ता 15 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में दीपक खरतला 20 रन पर 6 विकेट तथा अर्थव सिंह 21 रन पर 3 विकेट की घातक गेंदबाजी के समक्ष वीरेन्द्र चौधरी 21 रन, ऋषभ फौजदार 17 रन, मानव रोघा 15 रन व निशांत नईवाल 12 रन को छोड़कर कियान एकेडमी का कोई भी बल्लेबाज नही टिक सका और पूरी टीम 15.2 ओवर में 81 रनो पर सिमट गयी। इस मैच का मैन ऑफ दा मैच दीपक खरतला 20 रन पर 6 विकेट स्टार क्रिकेट एकेडमी रहे।